125918 - ज़कात कारखाने के उत्पादों और उत्पादन के लिए रखे हुए कच्चे माल पर देय है

प्रश्न

मेरे पास साबुन उत्पादन का एक कारखाना है, जिसकी पूंजी में निम्नलिखित चीज़ें शामिल हैं : 1. भवनों, भूमि, मशीनरी, उपकरण और कारों के रूप में अचल संपत्तियाँ। 2. अनुत्पादित कच्चे माल का भंडार। 3. विपणन (मार्केटिंग) के लिए तैयार उत्पादों का भंडार। 4. बैंकों में वर्तमान शेष राशि। मेरा सवाल यह है कि : इस कारखाने पर ज़कात कैसे अदा की जाएगी? (आशा है कि आप विस्तार से स्पष्ट करेंगे)।

विस्तृत उत्तर

पहला :

इसके आधार पर : उन अचल संपत्तियों पर कोई ज़कात नहीं है जो आपके स्वामित्व में हैं, अर्थात् : भवन (मकान), भूमि, मशीनरी, उपकरण और कारें।

ज़कात उस उत्पाद पर अनिवार्य है जो मार्केटिंग (बिक्री) के लिए तैयार है, और कच्चे माल पर भी, क्योंकि उसे उत्पादन करने और उसका व्यापार करने के इरादे से खरीदा गया था। उनके ज़कात का तरीक़ा यह है कि : वर्ष के अंत में उत्पादित सामग्री और कच्चे माल का उनके बाजार मूल्य पर मूल्यांकन किया जाए, फिर इस मूल्य के दसवें भाग का एक चौथाई (2.5%) ज़कात के रूप में निकाल दिया जाए।

तथा प्रश्न संख्या : (69916) और संख्या : (74987) देखें।

दूसरा :

इसी तरह बैंकों में जमा राशि पर भी ज़कात अनिवार्य है। अतः आप साल पूरा होने पर देखेंगे कि बैंकों में कितनी राशि उपलब्ध है, फिर उसपर ज़कात देंगे। उनमें अनिवार्य मात्रा दसवें भाग का एक चौथाई (2.5%) है।

ज़कात उन क़र्ज़ों (ऋणों) पर भी अनिवार्य है जो आपका दूसरों पर क़र्ज़ है, यदि वे उन ऋणों को स्वीकार करते हैं और उन्हें भुगतान करने के लिए सहमत हैं, जिसका अर्थ यह है कि वे उन्हें अस्वीकार नहीं करते हैं और वित्तीय कठिनाई में नहीं हैं। तो आप इन क़र्ज़ों की ज़कात उनका साल पूरा होने पर अदा करेंगे।

जहाँ तक उन क़र्ज़ों का संबंध है जो आप पर बकाया हैं – यदि कोई है – तो विद्वानों के राजेह (प्रबल) दृष्टिकोण के अनुसार वे ज़कात को प्रभावित नहीं करते हैं और न ही उनकी उसमें से कटौती की जाएगी।

तथा प्रश्न संख्या (119047) और संख्या (93101) देखें।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।